# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## प्रेस–विज्ञप्ति

आज दिनांक 18 जुलाई 2025 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, एवं सेन्टर फॉर रिसर्च एन्ड इन्डस्ट्रियल स्टाफ परफॉरमेन्स, भोपाल, (क्रिस्प) जो कि मध्यप्रदेश शासन के अन्तर्गत "तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग" की एक स्वायत्त संस्था है, के मध्य मेमोरेन्डम ऑफ अन्डरस्टैन्डिग (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किये गये ।

इस एमओयू के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में "सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर कैपेसिटी बिल्डिग इन इमरजिंग टेक्नोलाजीस" की स्थापना हेतु क्रिस्प से सहयोग लिया जायेगा। यह सेन्टर विश्वविद्यालय के शिक्षकों में क्षमता निर्माण एवं विद्यार्थियों के प्लेसमेन्ट एवं ट्रेनिंग में सहयोग प्रदान करेगा ।

साथ ही विश्वविद्यालय एवं क्रिस्प मिलकर शासकीय परियोजनाओं पर भी मिलकर कार्य करेगें । कुलगुरू प्रो. राकेश सिंघई जी की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव श्री प्रज्वल खरे जी ने एवं क्रिस्प चेयरमैन डॉ श्रीकान्त पाटिल जी ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किये । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे ।

**डॉ. चन्दन गुप्ता**
**मीडिया प्रभारी**